खाद्य सुरक्षा टीम ने तीस किलो पनीर नष्ट किया

कोटा, (निसं)। प्रदेश सरकार द्वारा चलाये जा रहे मिलावट के खिलाफ अभियान के तहत अतिरिक्त मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य शुभ्रा सिंह के मार्गदर्शन में आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण इकबाल खान एवं अतिरिक्त आयुक्त पंकज ओझा एवं जिला कलेक्टर डॉ.रवींद्र गौस्वामी के निर्देशन में मिलावटखोरी रोकने के लिए विभिन्न खाद्य पदार्थों के सैंपल लिए जा रहे है। अभिहित अधिकारी एंव मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.जगदीश सोनी ने बताया कि मंगलवार को प्रात: 8.30 बजे बाहर से लाए जा रहे पनीर की निगरानी की, इस दौरान बारां से आने वाली बस से पनीर उतार कर ऑटो द्वारा गुमानपुरा पुलिया के नीचे उतारा गया। जहां खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम द्वारा लगातार पीछा कर पनीर को पकड़ा गया, मौके पर पनीर विक्रेता भगतसिंह ने बताया कि वह बांरा में पनीर बनाकर कोटा में सप्लाई करता है, उसने बताया कि वह बाजार में इसे 200 रुपयें प्रति किलो के भाव से सप्लाई करता है। साथ ही पनीर में फैट कम होने की बात विक्रेता द्वारा स्वयं स्वीकार करने पर 30 किलो पनीर को नष्ट करते हुए एक नमूना लिया गया। तत्पश्चात दिन में आहलूवालिया माल स्थित बारबिक्यू नेशन एंव डोसा फूड कोर्ट का निरिक्षण किया गया, लगातार कार्यवाहियों के चलते विक्रेताओं में जागरूकता देखने को मिली। यहां पर स्थित बारबिक्यू नेशन से घी व सास तथा डोसा फूड कोर्ट से दही का नमूना खाद्य सुरक्षा एंव मानक अधिनियम के तहत लिया गया। इस प्रकार 3 संस्थानों का निरीक्षण कर कुल 4 नमूने खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के अन्तर्गत लिए। लिए गए नमूनो को खाद्य सुरक्षा प्रयोगशाला कोटा में भेजा गया।

युवाओं, किसानों, महिलाओं ने गर्व से लहराया तिरंगा

कोटा, (निसं)। हर घर तिरंगा अभियान के तहत जिले के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम के तहत राजकीय कार्यालयों के साथ-साथ हर वर्ग, समूह के लोगों ने सक्रिय भागीदारी निभाई एवं राष्ट्रीय ध्वज को सम्मान एवं गौरव के साथ लहराते हुए कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी।

सांगोद में जनप्रतिनिधियों ने आमजन के साथ तिरंगा रैली निकालकर स्वतंत्रता के पर्व में अपनी भागीदारी निभाई तो वही दीगोद में किसानों ने ट्रैक्टर पर शान से तिरंगे को लहराते हुए रैली निकाली। रामगंजमंडी में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा मेले का आयोजन किया गया जिसकी थीम तिरंगा रखी गई। मेले में तिरंगे पर आधारित राखियां एवं अन्य कई सामान देखने को मिले। वहीं विभिन्न कार्यालय एवं मुख्य स्थानों पर सेल्फी प्वाइंट के साथ युवाओं ने तस्वीर भी खिंचवाई। विभिन्न राजकीय एवं निजी कार्यालय में तिरंगा रैली भी कराई गई।

वेस्ट मेटेरियल से कलात्मक वस्तुओं का निर्माण

कोटा, (निसं)। निगम कोटा उत्तर के आयुक्त अनुराग भार्गव के निर्देशानुसार डेएनयूएलएम योजना की स्वंय सहायता समूह की महिलाओं ने "हर घर तिरंगा" अभियान के तहत वेस्ट मटीरियल से रचनात्मक, सकारात्मक व सृजनात्मक वस्तुओं का निर्माण किया और तिरंगा थीम पर रचनात्मक संदेश दिया। नगर निगम कोटा उत्तर के आयुक्त अनुराग भार्गव ने बताया कि हर घर तिरंगा अभियान के तहत डेएनयूएलएम अनुभाग की स्वंय सहायता समूह की महिलाओं ने अनुपयोगी व वेस्ट मटीरियल को उपयोग में लेकर विभिन्न प्रकार की वस्तुओं का निर्माण किया और भारत देश की छवि को बहुत ही अच्छे तरीकें से प्रदर्शित कर बताया कि हम भारतवासी हर अनुपयोगी वस्तु को भी उपयोगी बनाने का सामर्थ्य रखते है। उन्होने बताया कि महिलाओं ने क्रोशिया मेटीरियल से तिरंगो का निर्माण किया और राजस्थानी व्यंजन घेवर को तिरंगे के रंग में रंगकर देशभक्ति व कला का प्रदर्शन किया। डेएनयूएलएम योजना की प्रबंधक हेमलता गांधी ने बताया कि हर घर तिरंगा अभियान के तहत मधुमिता द्वारा अनुपयोगी प्लास्टिक बोतल, पेन, पिस्ते के छिलके व दवाई के खाली पैकेट से तिरंगे कलर का इयरिंग, फिंगर रिंग व नैकलेस भी बनाया गया। साथ ही सुमन शर्मा द्वारा राजस्थानी घेवर को तिरंगा थीम मे बनाया गया व अदिती जैन ने क्रोशिया से तिरंगा कलर ड्रेस कोस्ट्यूम एवं राखियां बनाई, जो कि रियूजेबल है। उन्होने बताया कि शिवानी ने तिरंगा कलर से चावल को रंगकर डेकोरेट किया। यासमीन ने बच्चों के हाथों पर तिरंगे रंग की पेन्टिंग बनाई और साथ ही डॉली ने रिस्ट बैण्ड भी बनाया। इस अवसर पर सामुदायिक सहायक कर्ता मिनाक्षी, राखी, प्रियंका, ममता, रेणु मधुमिता सुमन, अदिती, शिवानी, रजनी ने 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के संदर्भ में देश प्रेम को विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से प्रदर्शित किया और सभी महिलाओं ने अनुपयोगी वस्तुओं से बनी इयरिंग पहनकर देशभक्ति की शपथ ली। साथ ही हर घर तिरंगा घर-घर तिरंगा के नारे का उद्घोष किया।

कोटा नगर निगम की पहल पर वेस्ट मैटेरियल से कलात्मक वस्तुओं का निर्माण किया जा रहा है।

तिरंगा यात्रा के जरिए दिखा देशभक्ति का जज्बा

कोटा, (निसं)। स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष में मेडिकल कॉलेज क्रिकेट ग्राउंड रंगबाड़ी से तलवंडी सर्किल तक अजय खजोतिया और नीरज राठौर के नेतृत्व में विशाल तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा को प्रदेश कांग्रेस के सदस्य क्रांति तिवारी ने तिरंगा लहराकर तिरंगा यात्रा को रवाना किया। तिरंगा यात्रा में आगे बड़े विशाल डीजे पर देश-भक्ति के गाने चल रहे थे। तिवारी तिरंगा यात्रा में आगे-आगे मोटरसाईकिल पर बड़ा तिरंगा लेकर चल रहे थे। तिरंगा यात्रा में सैकड़ो की तादाद में देशभक्ति से लबरेज युवा साथी अपने हाथों में तिरंगा लेकर अपने वाहनों पर चल रहे थे और भारत माता की जय आदि नारों से तिरंगा यात्रा में देशभक्ति के जोश में लबरेज होकर जयघोष कर रहे थे। तिरंगा यात्रा में युवाओं का जोश देखने ही बन रहा था। युवा अपनी मोटरसाईकिल व कारों और अन्य वाहनों से चल रहे थे। तिरंगा यात्रा का पूरे मार्ग में लोगों ने जगह-जगह जोरदार स्वागत किया। तिरंगा यात्रा में शामिल देशभक्त युवाओं पर लोगों ने जोरदार पुष्पवर्षा करके स्वागत किया।

कार्यालय नगर निगम, कोटा (उत्तर)

क्रमांक:-न.नि.को. (उ.)/उप नगर नियो./2024/1387-88 दिनांक: 14.08.24

सार्वजनिक विज्ञप्ति

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री अनिल घाटीवाल पुत्र श्री गिर्राज घाटीवाल निवासी-कृष्णा भवन चौडा रास्ता जयपुर (राजस्थान) द्वारा योजना कुन्हाड़ी स्थित आवासीय भूखंड के कुल क्षेत्रफल 88521 वर्गफीट में से 37877 वर्गफीट का उप-विभाजन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

आवासीय भूखंड के कुल क्षेत्रफल 88521 वर्गफीट में से 50644 वर्गफीट कुन्हाड़ी कोटा राजस्थान स्थित उक्त भूखंड का नाम हस्तानान्तरण नगर निगम कोटा-उत्तर (राजस्थान) द्वारा दिनांक 02.01.2024 को आदेश क्रमांक 14094-95 द्वारा 1. श्री सूरजमल बंसल पुत्र स्व. श्री रामेश्वर दास 2. श्री कृष्णकान्त बंसल पुत्र श्री सूरजमल बंसल 3. श्री नवनीत बंसल पुत्र श्री चन्द्र बिहारी बंसल 4. श्री जयवर्धन बंसल पुत्र स्व. श्री चन्द्र बिहारी बंसल 5. श्री अरिजय बंसल पुत्र श्री अशोक बंसल 6. श्रीमती अल्का बंसल पत्नी श्री सत्यनारायण बंसल के पक्ष में जारी किया गया है। उक्त मूल भूखंड में मैसर्स बून्दी सिलिका सप्लाई कम्पनी, पंजीकृत भागीदारी फर्म जरिये भागीदार श्री मोहनदास घाटीवाला पुत्र स्व. श्री गोपीचन्द घाटीवाला द्वारा जरिये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 24.11.2016 द्वारा श्री अनिल घाटीवाला पुत्र स्व. श्री गिर्राज घाटीवाला के पक्ष में किया गया है।

आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन अनुसार आवासीय भूखंड कुन्हाडी कोटा राजस्थान के कुल क्षेत्रफल 88521 वर्गफीट में से विक्रय पत्र दिनांक 24.11.2016 के अनुसार 37877 वर्गफीट के उप-विभाजन की कार्यवाही की जा रही है। उक्त भूखंड का उप-विभाजन करने में किसी व्यक्ति, संस्था या अन्य कोई जो उक्त भूखंड से संबंध रखता है, को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 07 दिवस में अपनी आपत्ति लिखित रुप से अधो-हस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। उक्त निर्धारित समयावधि के पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

उप नगर नियोजक नगर निगम कोटा उत्तर

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री नवीन कुमार पुत्र स्व. श्री अमर सिंह जी निवासी मकान नंबर 374-सी, मान सिंह बिल्डिंग के पास डडवाडा कोटा जं. के द्वारा अपने मकान जो कि भूखंड संख्या 4 मानसिंह बिल्डिंग के पास डडवाडा कोटा जं. को विक्रय करने का इकरार सुजाता कुमारी पुत्री श्री अमर कुमार चौरसिया से दिनांक 29.07.24 को किया है, जिस पर वह बैंक से लोन ले रही है, अगर किसी को इस संबंध में आपत्ति हो तो वह अंदर मियाद 5 दिन मुझको सूचित कर सकता है, बाद मियाद की गयी आपत्तियां मान्य नहीं होगी। सूचित हो।

दिनांक : 14.8.24

भवदीय
अतुल माथुर
312 करबला रोड, लाडपुरा कोटा
मो. 9414309424

एनआईटी में पहले सेमेस्टर की पढ़ाई 16 अगस्त से 2 सितम्बर के मध्य

कोट, (निसं)। देश के एनआईटी ट्रिपलआईटी की सीएसएबी काउंसलिंग के अंतिम राउंड सीट आवंटन के पश्चात अब विद्यार्थी अपने आवंटित एनआईटी ट्रिपलआईटी में प्रवेश के लिए फाइनल प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करते दिखाई दे रहे हैं। इस वर्ष आईआईटी में तो पहले सेमेस्टर की पढ़ाई पूर्व में ही प्रारम्भ हो चुकी है और अब एनआईटी ट्रिपलआईटी की भी पढ़ाई शुरू होने जा रही है। एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के एजुकेशन एक्सपर्ट अमित आहूजा ने बताया कि ज्यादतर एनआईटी एवं ट्रिपलआईटी की पहले सेमेस्टर की ऑफलाईन क्लासेस 16 अगस्त से 2 सितम्बर के मध्य प्रारंभ होने वाली है। ऐसे में स्टूडेंट्स की मिली एनआईटी एवं ट्रिपलआईटी की वेबसाइट पर जाकर ही अपनी क्लासेज की पूर्ण जानकारी प्राप्त करनी होगी साथ ही स्टूडेंट्स को सीएसएबी काउंसलिंग के अंतिम राउंड में आवंटित कॉलेज की वेबसाइट पर जाकर ही अपनी कॉलेज की फाईनल प्रवेश प्रिक्रिया की समस्त जानकारी प्राप्त करनी होगी क्योंकि प्रत्येक एनआईटी ट्रिपलआईटी की अपनी अलग-अलग प्रवेश औपचारिकताये है। बहुत से एनआईटी ने अपनी वेबसाइट पर एडमिशन लिंक दे दिए गए है जिन पर जाकर स्टूडेंट्स को रजिस्ट्रशन कर सेष फीस का भुगतान करना होगा। स्टूडेंट्स को फिजिकल रिपोर्टिंग कर फाइनल प्रवेश प्रक्रिया ना करने पर स्टूडेंट्स की आवंटित सीट स्वत: निरस्त कर दी जाएगी। विद्यार्थियों की जोसा एवं सीएसएबी काउंसलिंग के दौरान जमा कराई गई सीट असेप्टेंस फीस ,आंशिक प्रवेश फीस एवं इंस्टिट्यूट एडमिशन फीस आवंटित कॉलेजों की फीस में समायोजित कर दी जाएगी। एक्सपर्ट आहूजा ने बताया की यदि स्टूडेंट्स दूसरे राउण्ड सीट आवंटन में मिली हुई सीट को छोड़ता है तो उसे किसी भी फीस का रिफण्ड नहीं होगा। ऐसे स्टूडेंट्स जिन्होंने जोसा में अपनी सीट विड्रॉअल या केन्सिल करवाकर सीएसएबी में भाग लिया अब इन स्टूडेंट्स को यदि किसी भी सीट का आवंटन नहीं हुआ है, तो उन्हें 5000 रूपए शुल्क काटकर शेष फीस लौटा दी जाएगी।

ध्यान-योग शिविर आयोजित

कोटा, (निसं)। पेंशन कार्यालय में अधिकारी एवं कर्मचारियों के लिए ब्रह्म कुमारी परिवार की ओर से दीदी ज्योति के सानिध्य में ध्यान-योग शिविर आयोजित किया गया। जिसमें सभी कार्मिकों ने उत्सुकता से भाग लिया। दीदी ज्योति द्वारा आत्म चेतना में रहने के तरीके बताए। शिविर में ध्यान एवं राजयोग के माध्यम से मन की वृत्तियों पर नियन्त्रण कर राजकार्य एवं सामाजिक और पारिवारिक जीवन में असीम शान्ति और जीवन को सुखमयी बनाए जाने के सम्बंध में व्याख्याएं दी। इस अवसर पर पेंशन विभाग की अतिरिक्त निदेशक पूनम मेहता ने ध्यान एवं राजयोग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए राजकार्य में सेवाभाव के गुण को विकसित कर कार्य सम्पादित करने के सम्बंध में विचार व्यक्त किऐं।

कार्यालय नगर निगम, कोटा दक्षिण (राज.)

क्रमांक:-ननिकोद/जोन-द्वितीय/भ.नि.अनु./2024/8233 दिनांक:-13.8.24

स्वामित्व हस्तांतरण बाबत् सार्वजनिक विज्ञप्ति

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती सुषमा अग्रवाल पत्नी स्व.श्री जे.एम.अग्रवाल उर्फ जगमोहन अग्रवाल निवासी आवास संख्या 4-छ-19, विज्ञान नगर कोटा (राज.) ने नगर निगम कोटा दक्षिण में आवेदन प्रस्तुत कर आवास संख्या 10-बी-23 महावीर नगर परिजात, कोटा क्षेत्रफल 215.10 वर्गमीटर का स्वामित्व स्वयं के नाम हस्तान्तरण करने का निवेदन किया है। आवास संख्या 10-बी-23 महावीर नगर परिजात, कोटा क्षेत्रफल 215.10 वर्गमीटर का आवंटन कार्यालय राजस्थान आवासन मण्डल, कोटा द्वारा पत्र क्रमांक DHC-KC/KT/74227 दिनांक 18.09.1995 से श्री जगमोहन अग्रवाल पुत्र श्री जे.पी.गुप्ता के नाम हस्तांतरित किया गया। श्री जगमोहन अग्रवाल का देहावसान दिनांक 04.02.2023 को हो जाने के उपरान्त श्री जगमोहन प्रसाद अग्रवाल के एक मात्र जीवित विधिक वारिसान एवं उत्तराधिकारी श्रीमती सुषमा अग्रवाल पत्नी स्व.श्री जगमोहन अग्रवाल द्वारा प्रस्तुत आवेदन अनुसार नगर निगम कोटा दक्षिण में उक्त आवास के नाम हस्तांतरण की कार्यवाही की जा रही है। उक्त भूखण्ड का स्वामित्व नाम हस्तांतरण करने में किसी व्यक्ति, संस्था या अन्य किसी को भी जो उक्त भूखण्ड से संबंध रखता है, को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस में अपनी आपत्ति लिखित में उपायुक्त, नगर निगम, कोटा दक्षिण कार्यालय में प्रस्तुत करें। मियाद आपत्ति मान्य नहीं होगी।

उपायुक्त नगर निगम, कोटा दक्षिण

कार्यालय नगर निगम, कोटा-दक्षिण, कोटा राजस्थान

क्रमांक:-ननिकोद/उपयुक्त जोन-द्वितीय/भ.नि.अनु./2024/8337-38 दिनांक:-14.8.24

स्वामित्व हस्तांतरण बाबत् सार्वजनिक विज्ञप्ति

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री प्रमोद कुमार पाठक पुत्र श्री चन्द्रमोहन पाठक एवं श्रीमती प्रवीणा शर्मा पत्नी श्री प्रमोद कुमार पाठक निवासी आवास संख्या 5-क-1 महावीर नगर विस्तार कोटा दक्षिण में आवेदन प्रस्तुत कर आवास संख्या 470 महावीर नगर द्वितीय कोटा का कुल क्षेत्रफल 962 वर्गफुट का स्वामित्व स्वयं के नाम हस्तांतरण करने का आवेदन किया है। आवास संख्या 470 महावीर नगर द्वितीय, कोटा क्षेत्रफल 962 वर्गफुट का आवंटन नगर विकास न्यास कोटा के क्रमांक एफ(3540) आवंटन/न.वि.न्या./दिनांक 22.06.1976 से श्री प्रभूलाल नरवारिया पुत्र श्री गंगाराम निवासी-म.नं.15/11 पी.एण्ड.टी क्वॉटर्स दादाबाडी कोटा को आवंटित किया गया है। श्री प्रभूलाल नरवारिया पुत्र श्री गंगाराम द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 09.09.2008 को भूखण्ड 470 महावीर नगर द्वितीय कोटा का बैचान आवेदक श्री प्रमोद कुमार पाठक पुत्र श्री चन्द्रमोहन पाठक एवं श्रीमती प्रवीणा शर्मा पत्नी श्री प्रमोद कुमार पाठक को किया गया। उक्त भूखण्ड संख्या 470 महावीर नगर द्वितीय क्षेत्रफल 962 वर्गफुट का आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन अनुसार नगर निगम कोटा दक्षिण उक्त भूखण्ड के स्वामित्व नाम हस्तांतरण की कार्यवाही की जा रही है।

उक्त भूखण्ड का स्वामित्व नाम हस्तांतरण करने में किसी व्यक्ति, संस्था या अन्य किसी को भी जो उक्त भूखण्ड से संबंध रखता है, को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस में अपनी आपत्ति लिखित में उपायुक्त, द्वितीय कक्ष में प्रस्तुत करें। मियाद आपत्ति मान्य नहीं होगी।

उपायुक्त नगर निगम, कोटा दक्षिण

कोटा विकास प्राधिकरण

क्रमांक: एफ 7/डी.टी.पी./2024/2138 **विज्ञप्ति** दि. 14.08.2024

राज्य सरकार द्वारा भू-उपयोग परिवर्तन के बनाये गए नियमों/प्रपत्रों के अन्तर्गत एवं राज्य सरकार की अधिसूचना दिनांक 24.02.2021 के क्रम में सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित भू-उपयोग परिवर्तन प्रकरण, भू-उपयोग परिवर्तन करने हेतु कोटा विकास प्राधिकरण मे विचाराधीन है, जिसकी विस्तृत जानकारी निम्नानुसार है, के भू-उपयोग परिवर्तन बावत् किसी को आपत्ति हो तो 15 दिवस मे कोटा न्यास कार्यालय में प्रस्तुत करें। उक्त अवधि के पश्चात् प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नही किया जा सकेगा।

क्र. सं.	आवेदक का नाम	भूखण्ड/खसरा सं. व योजना/ ग्राम का नाम	पट्टा /मास्टर प्लान अनुसार भू-उपयोग	प्रस्तावित भू-उपयोग परिवर्तन	क्षेत्रफल (वर्गमीटर मे)
1.	श्रीमती अनुजा पत्नि श्री सुरेन्द्र मोहन	भूखण्ड संख्या 37 जयहिन्द नगर II, ग्राम रामपुरा, कोटा	पट्टा अनुसार आवासीय व मास्टर प्लान अनुसार मिश्रित	सामान्य व्यवसायिक	343.58

कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

क्रमांक-1202 **नाम हस्तान्तरण चाहने बाबत आम सूचना** दिनांक 14.8.2024

नगर विकास न्यास कोटा की विनोबा भावे नगर 'निर्धन को आंगन' योजना के भूखण्ड/आवास संख्या 1232 का आवंटन/हस्तान्तरण/रजि. न्यास के पत्र दिनांक 26.08.2020 को श्रीमती निशा मेहरा पत्नी श्री बलराम सिंह को किया गया था। आवंटी श्रीमती निशा मेहरा पत्नी श्री बलराम सिंह द्वारा उक्त भूखण्ड/आवास का जर्ये मुख्तारआम श्रीमती दीपमाला राठौर पत्नी श्री अरविन्द कुमार राठौर द्वारा जर्ये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 03.08.21 को श्री रामभरोस पुत्र श्री मांगीलाल को विक्रय कर दिया गया है। क्रेता द्वारा उक्त भूखण्ड/आवास का अपने नामहस्तान्तरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अत: जरिये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम हस्तान्तरण की स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त भूखण्ड/आवास संख्या 1232 योजना विनोबा भावे नगर 'निर्धन को आंगन' का नाम हस्तान्तरण श्री रामभरोस पुत्र श्री मांगीलाल के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी।

उप सचिव, कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

कार्यालय कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

क्रमांक:- एफ-15/कू.भू.रू./2024/1965 **विज्ञप्ति** दिनांक:-12.8.2024

सर्व साधारण को जर्ये विज्ञप्ति सूचित किया जाता है कि ग्राम देवली अरब योजना उज्जवल विहार खसरा नं. 42 में स्थित भूखण्ड संख्या ए-31/2 के नाम हस्तान्तरण करने हेतु न्यास कार्यालय में श्री गिरिराज शर्मा पुत्र श्री मगन लाल शर्मा निवासी-तिलक स्कूल रोड, कृष्णा नगर कोटा रोड़, बारां जिला बारां राज. द्वारा ऑनलाईन आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। उक्त भूखण्ड का पट्टा क्रमांक 631 दिनांक 12.01.2016 को सेना कुमारी मीणा पुत्र श्री रतनलाल मीणा के पक्ष में जारी किया गया था। पट्टेधारी द्वारा उक्त भूखण्ड बैचान जर्ये पंजीकृत मुख्तारआम श्रीमती संतरा देवी अग्रवाल पत्नि श्री प्रहलाद राय अग्रवाल द्वारा जर्ये रजि. विक्रय पत्र दिनांक 29.05.2024 से श्री गिरिराज शर्मा पुत्र श्री मगन लाल शर्मा को कर दिया गया है।

अत: श्री गिरिराज शर्मा पुत्र श्री मगन लाल शर्मा के नाम हस्तान्तरण किये जाने में किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो अन्दर 7 योम कार्यालय में उपस्थित होकर अथवा लिखित में अद्योहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत करें। मियाद गुजर जाने के बाद आपत्ति मान्य नही होगी।

उप सचिव, कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

क्रमांक:-एफ11/विक्रय/2024/1207 दिनांक:- 14.8.24

भूखंड संख्या 639 योजना गणेश नगर कोटा का आवंटन न्यास के पत्र दिनांक 03.09.1994 से श्री मोहम्मद इदरीश पुत्र मोहम्मद फारुख को आवंटन किया गया था। आवंटी मोहम्मद इदरीश द्वारा जर्ये मुख्तारआम श्रीमती सीमा राठौर पत्नी प्रहलाद राठौर के जर्ये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 29.05.2001 से श्री ओम प्रकाश पुत्र श्री मदन लाल को बेचान कर दिया है। श्री ओम प्रकाश पुत्र श्री मदन लाल द्वारा जर्ये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 21.02.2003 से उक्त आवास का बेचान श्री बजरंग लाल सेन पुत्र भागीरथ सेन को कर दिया गया है। आवेदक श्रीमती मधु पत्नी सत्यप्रकाश द्वारा प्रस्तुत श्री बजरंग लाल सेन का मृत्यु प्रमाण पत्र से दिनांक 03.01.2010 को मृत्यु होना बताया है। अत: आवेदक द्वारा प्रस्तुत मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र एवं विधिक वारिसान का शपथ पत्र प्रस्तुत कर स्वयं को एक मात्र वारिस होना बताया है।

अत: उक्त नाम हस्तान्तरण के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह 7 दिवस में अपनी आपत्ति कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर लिखित में प्रस्तुत कर देवे। अन्यथा बाद मियाद उक्त आवास का नाम हस्तान्तरण श्रीमती मधु पत्नी सत्यप्रकाश के नाम से कर दिया जावेगा।

उपसचिव कोटा विकास प्राधिकरण

कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

क्रमांक:-915 **विज्ञप्ति** दिनांक:- 13.8.24

नगर विकास न्यास कोटा की योजना श्रीरामकृष्णपुरम-बी व्यवसायिक योजना भूखंड आवास संख्या 17 को आवंटन नीलामी न्यास के पत्र दिनांक 09.01.2023 को श्रीमती मोनिका खण्डेलवाल पत्नी श्री शैलेश धीया को आवंटन किया गया था। उक्त आवास की रजिस्ट्री जर्ये मुख्तारआम श्री शशि कुमार चतुर्वेदी पुत्र श्री ज्ञानेश चंद्र चतुर्वेदी द्वारा कोटा विकास प्राधिकरण कोटा से चाही जा रही है।

अत: जरिये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस रजिस्ट्री में किसी को कोई एतराज या आपत्ति हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिन के अन्दर अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त भूखंड संख्या 17 योजना श्रीरामकृष्णपुरम-बी व्यवसायिक की रजिस्ट्री श्री शशि कुमार चतुर्वेदी पुत्र श्री ज्ञानेश चंद्र चतुर्वेदी के नाम स्वीकृति जारी कर दी जायेगी।

उपसचिव नगर विकास न्यास, कोटा

कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

क्रमांक:-1201 **नाम हस्तान्तरण चाहने बाबत आम सूचना** दिनांक:-14.08.24

नगर विकास न्यास कोटा की विनोबा भावे नगर "निर्धन को आंगन" योजना के भूखंड/आवास संख्या 805 का आवंटन/हस्तान्तरण/रजि. न्यास के पत्र दिनांक 23.04.2010 को श्री शंभूदयाल नागर पुत्र श्री नंदलाल नागर को किया गया था। आवंटी श्री शंभूदयाल नागर पुत्र श्री नंदलाल नागर द्वारा उक्त भूखंड/आवास का जर्ये मुख्तारआम श्री मुकेश कुमार जैन पुत्र श्री सूरजमल जैन द्वारा जर्ये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 29.04.24 को श्रीमती रामशिला नागर पत्नी श्री महावीर प्रसाद नागर को विक्रय कर दिया गया है। क्रेता द्वारा उक्त भूखंड/आवास का अपने नामहस्तान्तरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अत: जरिये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम हस्तान्तरण की स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त भूखण्ड/आवास संख्या 805 योजना विनोबा भावे नगर "निर्धन को आंगन" का नाम हस्तान्तरण श्रीमती रामशिला नागर पत्नी श्री महावीर प्रसाद नागर के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी।

उपसचिव कोटा विकास प्राधिकरण कोटा

देशभक्ति के रंग फ़ैशन के संग

कोटा, (निसं)। अगस्त का महीना देशभक्ति का महीना माना जाता है। इस महीने मैं हर भारतीय देशभक्ति के रंग से सराबोर रहता है। यह महीना भारत की आज़ादी का है स्वतन्त्रता दिवस मनाने का है। इस साल 15 अगस्त को देश 78वां स्वतन्त्रता दिवस मनाने जा रहा है। इसी कड़ी में कुटुर इंस्टीट्यूट ऑफ फ़ैशन टेक्नोलॉजी संस्थान द्वारा मंगलवार को कार्यक्रम "देशभक्ति के रंग फ़ैशन के संग "आयोजित किया गया जिसके अंतर्गत संस्था के विद्यार्थियों नूर उल कमर, मनीषा धाकड़, रोशनी अंसारी, नुरेन निशा, ईशिता मित्तल, मोहम्मद रेहान और भावना शाक्यवार ने तिरंगे के तीन रंगों को अपनी थीम बनाकर ड्रेसेस तैयार किए जिन्हें पहनकर कोई भी देशभक्ति के रंग मैं डूबा हुआ दिख सकता है स विध्यार्थियों ने ट्राई कलर सुट, पाजामा कुर्ता, फ्रॉक ओर स्कर्ट टॉप तैयात किए जिन्हें विद्यार्थियों एवं नन्ही बालिका अशमी ने पहनकर प्रस्तुत किया। तीन रंगों का संयोजन बहुत ही आकर्षक था यह कलेक्शन कम्फर्टेबल होने के साथ पारंपरिक लूक भी दे रहा था।

न्यूसेंस के डर से लोगों ने किया शराब की दुकान का विरोध

कोटा, (निसं)। अहिंसा सर्किल के पास आर.के.पुरम में शराब व मीट की दुकान बंद करवाने को लेकर सामाजिक, धार्मिक, व्यापारिक व आरकेपुरम के स्थानीयवासियों की ओर से विरोध प्रदर्शन किया गया। पी.पी.गुप्ता ने बताया कि त्रिवेणी धर्म नगरी जहां पर श्री आरकेपुरम बालाजी धाम, गुरूग्रंथ साहिब का गुरूद्वारा व त्रिकाल चौबीसी जैन तीर्थनकर भगवान महावीर का मंदिर जैसी पवित्र धरा पर तीन-चार दिन पूर्व आर.के.पुरम सेक्टर-ए के आवासीय क्षैत्र में प्रमुख अहिंसा सर्किल के पास वाईन शॉप एवं मीट की नई दुकानें खुली है, जो कि इस क्षैत्र की आवासीय एवं पॉश कॉलोनी है। जहां आस-पास व दूरदराज से बहुतायत संख्या में मंदिरों में पूजा अर्चना के लिए श्रद्वालुओं का नियमित आवागमन रहता है, महिलाएं, बच्चे व वरिष्ठ नागरिक रोजाना इस रास्ते से घूमने के लिए सुबह शाम निकलते हैं। समाजसेवी अशोक यादव व विभाकर जोशी ने बताया कि शराब की दुकान जैन समाज को समर्पित अहिंसा सर्किल, मुनि विद्या सागर सर्किल और भगवान महावीर मार्ग के समीप है। शराब की दुकान खुलने से क्षैत्र के रहवासियों को असामाजिक तत्वों के जमावडें से उत्पन्न समस्या से भविष्य में आये दिन खतरा पैदा होगा, अण्डे व मीट के ठेले लगेंगे और क्षैत्र में शांति भंग होंगी, इसको लेकर स्थानीयवासियों एवं विभिन्न संगठनों के लोगों में इसको लेकर काफी रोष व्याप्त है। स्थानीय पार्शद मोहनलाल नंदवाना ने चेतावनी देते हुए मांग की है कि यहां लगी शराब व मीट की दुकान को तुरंत बंद कर इस क्षैत्र से दूर स्थानान्तरित करवाया जाए अन्यथा स्थानीय लोग यहां पर धरना देंगे। मौके पर न्यू मुकुन्दरा व्यापार संघ के अध्यक्ष धर्मेन्द्र गौतम व श्री आरकेपुरम बालाजी धाम सेवा समिति व जैन समिति व अन्य संगठनों के लोगों ने जिला आबकारी अधिकारी को इस विषय में त्वरित कार्यवाही करने के लिए ज्ञापन भी दिया। इस अवसर पर पार्षद मोहनलाल नंदवाना, सुमित्रा खिंची, श्रीआरकेपुरम बालाजी धाम सेवा समिति के अध्यक्ष विशणुनारायण, त्रिकाल चौबीसी जैन समिति के मनोज बाकलीवाल, श्रीआरकेपुरम मोक्षधाम सेवा समिति के अध्यक्ष अशोक यादव, न्यू मुकुन्दरा व्यापार संघ के अध्यक्ष धर्मेन्द्र गौतम, हाड़ौती क्लब कोटा के महासचिव पी.पी.गुप्ता, मोर्निंग फ्रेन्डस क्लब आरकेपुरम के अरविन्द गर्ग, पूर्व पार्शद प्रत्याशी विभाकर जोशी, कांग्रेस नेता विद्याशंकर गौतम, आरकेपुरम भाजपा मण्डल अध्यक्ष दिलीप शर्मा, पू